**E-mail**

**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

**संचिका सं0** : 01/भू0अ0नि0 (4) सं0 आ0 (बाँका) अमीन –18/2025 7074 **पटना, दिनांक**:– 19/11/2025

# आदेश

बन्दोबस्त पदाधिकारी, बाँका के पत्रांक 652 दिनांक 10.05.2025 द्वारा श्रीमती नेहा कुमारी (AEN12448), विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, बाँका के विरूद्ध दिनांक 17.12.2024 से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने का आरोप प्रतिवेदित करते हुए नियोजन मुक्त करने की अनुशंसा की गयी है। तत्पश्चात् निदेशालय पत्रांक 3482 दिनांक 04.06.2025 द्वारा स्पष्टीकरण की मांग की गयी फलस्वरूप श्रीमती कुमारी द्वारा स्पष्टीकरण समर्पित किया गया है, जिसमें कतिपय पारिवारिक परेशानियों का उल्लेख किया गया है।

बन्दोबस्त पदाधिकारी, बाँका का पत्रांक 1619 दिनांक 19.08.2025 द्वारा श्रीमती कुमारी से प्राप्त स्पष्टीकरण पर मंतव्य उपलब्ध कराया गया, जिसमें श्रीमती कुमारी (AEN12448) द्वारा कार्यालय को सूचित नहीं करने एवं साक्ष्य/अभिलेख संलग्न नहीं करने के कारण उनके स्पष्टीकरण को अस्वीकृत करते हुए सेवा मुक्त करने की अनुशंसा की गयी है।

बन्दोबस्त पदाधिकारी से प्राप्त अनुशंसा एवं मंतव्य के समीक्षोपरान्त श्रीमती कुमारी को नियोजन मुक्त करने का निर्णय लिया है।

अतएव बन्दोबस्त पदाधिकारी से प्राप्त अनुशंसा एवं मंतव्य के आलोक में बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित नियमावली, 2019 (यथा संशोधित 2022) की कंडिका 8(4) के तहत श्रीमती नेहा कुमारी (AEN12448), विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, बाँका का संविदा समाप्त किया जाता है।

18/11

**(जे0 प्रियदर्शिनी)**
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 01/भू0अ0नि0 (4) सं0 आ0 (बाँका) अमीन –18/2025 7074 **पटना, दिनांक** : 19/11/2025

**प्रतिलिपि** : श्रीमती नेहा कुमारी (AEN12448), विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, बाँका को सूचनार्थ प्रेषित।

18/11

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 01/भू0अ0नि0 (4) सं0 आ0 (बाँका) अमीन –18/2025 7074 **पटना, दिनांक** 19/11/2025

**प्रतिलिपि** : बन्दोबस्त पदाधिकारी, बन्दोबस्त कार्यालय, बाँका को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18/11

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 01/भू0अ0नि0 (4) सं0 आ0 (बाँका) अमीन –18/2025 7074 **पटना, दिनांक** 19/11/2025

**प्रतिलिपि** : प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं इसकी स्कैन कॉपी R2R सॉफ्टवेयर के अन्तर्गत संबंधित कर्मी की व्यक्तिगत संचिका में संधारित करने हेतु प्रेषित।

18/11

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\ANUSHKA 2025\Mohtt n Order 18-2025-10-11-2025 (Banka).doc